# ज़ोजिला दर्रा

हाल ही में सोनमर्ग (Sonamarg) से लद्दाख (**Ladakh**) के ऊँचाई वाले क्षेत्र तक नागरिक यातायात हेतु ज़ोजिला दर्रे (Zoji la Pass) को खोल दिया गया है।

- ज़ोजिला लद्दाख के द्रास में 11,650 फीट से अधिक ऊँचाई पर स्थित है और ऐतिहासिक रूप से सर्दियों के मौसम में इसका अधिकांश भाग बंद रहता है।




## प्रमुख बिंदु

## ज़ोजिला दर्रे के बारे में:

- ज़ोजिला दर्रा लद्दाख के कारगिल ज़िले में स्थित एक उच्च पर्वतीय दर्रा है।
- यह लेह और श्रीनगर को जोड़ता है और केंद्रशासित प्रदेशों- लद्दाख और कश्मीर के बीच एक महत्त्वपूर्ण लिंक प्रदान करता है।
- ज़ोजिला दर्रे को 'बर्फीले तूफान के दर्रे' के रूप में जाना जाता है।
- ज़ोजिला दर्रा सर्दियों के दौरान भारी हिमपात के कारण बंद रहता है, जिससे लद्दाख क्षेत्र का संपर्क कश्मीर से कट जाता है।
- वर्ष 2018 में ज़ोजिला सुरंग परियोजना शुरू की गई थी। यह एशिया की सबसे लंबी और रणनीतिक द्वि-दिशात्मक सुरंग है, जो श्रीनगर, कारगिल और लेह के बीच हर मौसम में संपर्क सुविधा प्रदान करेगी।

## हिमालय के प्रमुख दर्रे

| दर्रा | किससे-किसको जोड़ता है?/विशेषताएँ |
|---|---|
| 1. बनिहाल दर्रा | कश्मीर घाटी को बाह्य हिमालय और दक्षिण में मैदानी इलाकों के साथ। |
| 2. बारा-लाचा-ला दर्रा | हिमाचल प्रदेश के लाहौल को लेह ज़िले से। |
| 3. फोटू-ला दर्रा | लेह को कारगिल से। |
| 4. रोहतांग दर्रा | कुल्लू घाटी को हिमाचल प्रदेश की लाहौल और स्पीति घाटी से। |
| 5. शिपकी ला दर्रा | हिमाचल प्रदेश को तिब्बत के स्वायत्त क्षेत्र से। |
| 6. जेलेप ला दर्रा | सिक्किम को तिब्बत के स्वायत्त क्षेत्र से। |
| 7. नाथू ला दर्रा | सिक्किम को तिब्बत के स्वायत्त क्षेत्र से। |
| 8. लिपूलेख दर्रा | भारत की चौड़न घाटी को तिब्बत के स्वायत्त क्षेत्र से। यह उत्तराखंड, चीन और नेपाल के ट्राई-जंक्शन पर स्थित है। |
| 9. खार्दूंग ला | लद्दाख को सियाचिन ग्लेशियर से। यह विश्व का सबसे ऊँचा मोटर वाहन योग्य दर्रा है। |
| | |

| | |
|---|---|
| 10. बोम-डि-ला दर्रा | यह अरुणाचल प्रदेश में है। |

**स्रोत: पी.आई.बी.**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/zoji-la-pass